# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## सूचना

## अल्प अवधि अनुबंध आधार पर कंसल्टेंट (सीनियर लैंडस्केप आर्किटेक्ट) और कंसल्टेंट (लैंडस्केप आर्किटेक्ट) की नियुक्ति

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने **02 कंसल्टेंट (सीनियर लैंडस्केप आर्किटेक्ट) और 03 कंसल्टेंट (लैंडस्केप आर्किटेक्ट)** की प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए पूर्णतः अल्प अवधि अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए **23.08.2021** से **02.09.2021** तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये थे। तथापि, उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों से समाप्त कर दिया गया है और इसके लिए दोबारा नये सिरे से आवेदन आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है।

आवेदन प्रारूप के साथ अपेक्षित योग्यता, अनुभव, समेकित वेतन आदि से संबंधित अनिवार्य विवरणों वाली संशोधित पूर्ण अधिसूचना दिल्ली विकास प्राधिकरण की वेबसाइट **www.dda.gov.in**. पर उपलब्ध है।

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संबंधित पद के लिए निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन केवल ई–मेल consultant.rc@dda.org.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। **उपरोक्त पदों के लिए पहले प्राप्त किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे दोबारा आवेदन करें**। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09.02.2022 को सायं 6.00 बजे तक है। संक्षिप्त सूचीबद्ध किये गये उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए तिथि, समय एवं स्थान के बारे में उचित समय पर सूचित किया जाएगा। इस संबंध में एक सूचना डीडीए की वेबसाइट **www.dda.gov.in** → Jobs 2022 पर अपलोड की जाएंगी।

**कंसल्टेंट (सीनियर लैंडस्केप आर्किटेक्ट) और कंसल्टेंट (लैंडस्केप आर्किटेक्ट) प्रत्येक पद के लिए निर्धारित प्रारूप में अलग–अलग आवेदन न होने या किसी अन्य माध्यम से आवेदन भेजने या अंतिम तिथि के बाद जमा किये गये आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

इस संबंध में ई–मेल, डाक या फोन के माध्यम से किए गए किसी भी पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए डीडीए की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।**

**आयुक्त (कार्मिक)**